बिहार लोक सेवा आयोग,
15, जवाहर लाल नेहरू मार्ग (बेली रोड), पटना

आवश्यक सूचना

स्वास्थ्य विभाग, बिहार के अन्तर्गत राजकीय आर॰बी॰टी॰एस॰ होमियोपैथिक मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल, मुजफ्फरपुर में विभिन्न विषयों में व्याख्याता के पदों पर नियुक्ति हेतु प्रकाशित वि॰सं॰ 34/2017 से 40/2017 तक के उम्मीदवारों को सूचित किया जाता है कि अर्हित एवं अनर्हित उम्मीदवारों की सूची आयोग के बेवसाईट www.bpsc.bih.nic.in पर प्रकाशित की गयी है। अनर्हित उम्मीदवारों को यदि कोई आपत्ति हो तो अपनी उम्मीदवारी के सम्बन्ध में साक्ष्य/प्रमाण के साथ अभ्यावेदन सिर्फ आयोग के e-mail ID - bpscpat-bih@nic.in पर **दिनांक 20.12.2018** तक दे सकते हैं। विचारोपरान्त अर्हित योग्य पाये जाने पर उन्हें साक्षात्कार में सम्मिलित किया जायेगा। उम्मीदवार प्रकाशित सूची में अपने नाम एवं जन्म तिथि के आधार पर अनुक्रमांक ज्ञात कर अर्हता/अनर्हता की स्थिति से अवगत हो सकते हैं।

2. अर्हित उम्मीदवारों का साक्षात्कार दिनांक 26.12.2018 से 28.12.2018 तक आयोजित किया जायेगा जिसका विस्तृत कार्यक्रम एवं निदेश आयोग के वेबसाईट पर उपलब्ध है।

3. **सभी उम्मीदवार वांछित प्रमाण पत्र साक्षात्कार की तिथि को ही समर्पित करेंगे। साक्षात्कार के उपरान्त कोई भी प्रमाण पत्र/कागजात जमा करने हेतु अतिरिक्त समय नहीं दिया जायेगा।**

4. सभी अर्हित उम्मीदवारों के साक्षात्कार पत्र **साक्षात्कार के प्रारम्भ होने की तिथि से एक सप्ताह पूर्व** से आयोग के वेबसाईट www.bpsc.bih.nic.in पर उपलब्ध रहेंगे जिसे अपना अनुक्रमांक डालकर डाउनलोड किया जा सकता है। **साक्षात्कार पत्र डाक द्वारा नहीं भेजे जायेंगे।**

5. साक्षात्कार के लिए बुलाए जा रहे आवेदकों की अभ्यर्थिता पूर्णतः औपबंधिक है। साक्षात्कार में शामिल होने मात्र से उनकी अर्हता सम्पुष्ट नहीं होती है। साक्षात्कार के समय या उसके बाद उनकी अर्हता पर यथासम्भव आवश्यक निर्णय लेने का अधिकार आयोग के पास सुरक्षित रहेगा।

17.12.18

संयुक्त सचिव-सह-परीक्षा नियंत्रक,
बिहार लोक सेवा आयोग, पटना